**बिहार सरकार**
**सहकारिता विभाग**

पत्रांक................................../पटना, दिनांक..........................................
03/सह०ब०योजना (आवंटन)–02/2025

प्रेषक,

**अभय कुमार सिंह,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**निबंधक,**
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2025–26 में कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु कम्प्यूटर एवं अन्य उपस्करों के क्रय हेतु राज्य योजनान्तर्गत आधुनिकीकरण मद में कुल राशि रू0 1,31,00,000/– (एक करोड़ इकत्तीस लाख) रूपये का आवंटन।**

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–271, दिनांक–31.07.2025 एवं शुद्धि पत्र विभागीय ज्ञापांक–4109, दिनांक–12.08.2025 के आलोक में राज्य स्कीम अंतर्गत मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425 सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–001–निदेशन एवं प्रशासन, उप शीर्ष–0107–सहकारिता विभाग के कार्यालयों का जिर्णोद्धार, विपत्र कोड–09–2425000010107, विस्तृत शीर्ष–13–कार्यालय व्यय, विषय शीर्ष–01–कार्यालय व्यय में रू0 1,31,00,000/– (एक करोड़ इकत्तीस लाख) रूपये का आवंटन दिया जाता है।

2. उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–227/वि0, दिनांक–28.03.2025 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2025 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–235/वि0 दिनांक–01.04.2025 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561 दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
**(अभय कुमार सिंह),**
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–.........................................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–61(अ०)/पटना, दिनांक–19/08/2025

प्रतिलिपिः– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय, निबंधक, स0स0, बिहार, पटना/उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/विभागीय आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19.08.25

सरकार के अपर सचिव।